मध्य प्रदेश में नए ताप बिजली संयंत्र

784. श्री अजीत जोगी : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में कुछ राज्यों के लिए नए ताप बिजली संयंत्र स्वीकृत किए हैं ;

(ख) क्या मध्य प्रदेश के लिए भी कोई संयंत्र स्वीकृत किया गया है ; और

(ग) यदि नहीं; तो मध्य प्रदेश के विद्युत बोर्ड द्वारा भेजे गए प्रस्तावों के संबंध में कब तक मंजूरी दे दी जायेगी ?

ऊर्जा मंत्री, साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

लघु और मध्यम आकार की कारों के निर्माण के लिए लाइसेंस

785. श्री अजीत जोगी : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार आटोमोबाइल नीति पर पुनः विचार करके कतिपय औद्योगिक घरानों को लघु और मध्यम आकार की कारें बनाने के लिए लाइसेंस दिए जाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है जिससे मारूति उद्योग से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो सके ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) किन किन औद्योगिक संस्थानों ने कारें बनाने के लिए सरकार को अपने प्रस्ताव भेजे हैं और उनके प्रस्ताव कब से लम्बित हैं ; और

(घ) इस संबंध में कब तक अंतिम निर्णय ले लिए जाने की संभावना है ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत जोगी) : (क) जी, नहीं । इस समय आटोमोबाइल नीति पर पुनः विचार करने के लिए सरकार के पास कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) यात्री कारों का विनिर्माण करने के लिए 31-1-90 तक सरकार को प्राप्त सभी आवेदन नामंजूर कर दिए गए हैं । यात्री कारों का विनिर्माण करने के वास्ते औद्योगिक लाइसेंस देने के लिए 22-2-90 को एक और आवेदन प्राप्त हुआ है । इस आवेदन पर सरकार की वर्तमान नीति के आधार पर निर्णय लिया जायेगा ।

Rural Electrification in Madhya Pradesh

786. SHRI AJJT P. K. JoGI : Will the Minister of ENERGY be pleased to state :

(a) what are the details of the financial assistance provided by Rural Electrification Corporation for the electrification of rural areas in Madhya Pradesh during the last two years as also the current year ;

(b) how 'many villages have been covered under this scheme during the above period ; and

(c) what are the plans pending for implementation under this scheme in respect of Madhya Pra desh?

THE MINISTER OF ENERGY WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY O F CIVIL AVIATION (SHRI ARIF MOHD. KHAN) : (a) The financial assistance provided by the Rural Electrification Corporation to Madhya Pradesh for rural electrification works during the last two years and also during the current year as on 1-3 -1990 are as under :—